दिनांक : 11.04.2026 **समय : 02.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

उन्नत कृषि महोत्सव

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज रायसेन में तीन दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव का उद्घाटन किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर आयोजित इस राष्ट्रीय महोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के डायरेक्टर जनरल सहित देशभर के कृषि वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे। 13 अप्रैल तक चलने वाले इस महोत्सव में ड्रोन, सोलर पंप, पॉली हाउस और माइक्रो इरिगेशन जैसी आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान कृषि में एआइ के उपयोग से लेकर इंटीग्रेटेड फार्मिंग जैसे 20 विषयों पर विशेषज्ञ किसानों से सीधा संवाद करेंगे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश में किसानों सहित सभी वर्गों के कल्याण के लिये लगातार कार्य किये जा रहे हैं।

कृषि महोत्सव का समापन समारोह 13 अप्रैल को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की उपस्थिति में होगा।

लाड़ली बहना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर की लाड़ली बहनों के खाते में लाड़ली बहना योजना की राशि अंतरित करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री करीब 185 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे।

कौशल विकास योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में प्रदेश की उपलब्धि अन्य राज्यों से बेहतर है। कल भोपाल में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में उन्होंने योजना से अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऐसे नए उपयोगी कोर्स भी डिजाइन किए जाएं, जो प्रशिक्षण के बाद युवाओं को तत्काल रोजगार दिलवाने में सहायक हों।

ज्योतिबा फुले की जयंती

समाज सुधारक और महान जनसेवक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर आज राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। 1827 में आज ही के दिन जन्मे महात्मा फुले ने अपनी पत्नी सावित्री फुले के साथ मिलकर महिला शिक्षा, जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जीवनभर संघर्ष किया।

मौसम

प्रदेश में आंधी–बारिश का दौर थमते ही गर्मी ने फिर से तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के अधिकांश शहरों में कल दिन के तापमान में 5 डिग्री तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। आज नर्मदापुरम प्रदेश में सबसे अधिक गर्म दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार 15 अप्रैल से एक नया सिस्टम सक्रिय होगा, लेकिन इसका असर कमजोर रहेगा। ऐसे में प्रदेश में तेज गर्मी का दौर जारी रहने की संभावना है। गर्मी के बढ़ते असर को देखते हुए मौसम विभाग ने लोगों को पर्याप्त पानी पीने और दोपहर की तेज धूप से बचने की सलाह दी है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- जल संरक्षण एवं स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कल आगरमालवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल गुणवत्ता परीक्षण एवं प्रशिक्षण आयोजित हुआ।
- शिवपुरी जिले में ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 14 दिवसीय निःशुल्क आवासीय आभूषण निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 16 अप्रैल से किया जायेगा।
- रसायन मुक्त फल–फूल और सब्जियों को उचित बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जबलपुर में साप्ताहिक जैविक सब्जी बाजार का शुभारंभ किया गया है।
- प्रदेश में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। भोपाल में लगभग 12 हजार बालिकाओं को टीके लगाए जा चुके हैं।
- स्वास्थ्य एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन, रतलाम द्वारा कल ”रेल रन का आयोजन किया जा रहा है।